SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 09 अप्रैल 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 190

## कोरोना के बाद छत्तीसगढ़ में शैक्षणिक रिकवरी अन्य राज्यों से बेहतर

- स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने जारी की असर 2022 की सर्वे रिपोर्ट
- प्रदेश के 1679 गांव के 33 हजार 330 घरों तक पहुचा सर्वे दल
- 3 से 16 आयु वर्ग के 64 हजार 131 बच्चों का किया सर्वे
- छत्तीसगढ़ में कक्षा आठवीं में लॉकडाउन के बावजूद गणित कौशल सीखने का प्रतिशत 10.6, राष्ट्रीय प्रतिशत 1.8




**रायपुर (आरएनएस)।** स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज अपने निवास कार्यालय से एनुवल स्टेट्स ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (असर) - 2022 जारी करते हुए कहा कि कोरोना के वजह से विभिन्न राज्यों में बच्चों के सीखने के स्तर में काफी नुकसान हुआ वहीं छत्तीसगढ़ में 2021 की तुलना में 2022 में स्कूल शिक्षा विभाग और शिक्षकों ने काफी मेहनत कर अपनी पूर्व स्थिति की ओर वापस आना शुरू किया। शीघ्र ही और बेहतर स्थिति में लाने की दिशा में विभाग एकजुट होकर कार्य करेंगा।

असर द्वारा छत्तीसगढ़ के 28 जिलों में 1679 गांव के 33 हजार 330 घरों तक पहुंचकर 3 से 16 आयु वर्ग के 64 हजार 131 बच्चों का सर्वेक्षण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की पूर्व प्राथमिक विद्यालय और विद्यालय में नामांकन की जानकारी एकत्र की गई। 5-16 आयु वर्ग के बच्चों की पढऩे, गणित और अंग्रेजी के कौशल को समझने के लिए जांच की गई।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने असर रिपोर्ट का विमोचन कर इसे सभी जिले के साथ साझा करते हुए इसके आधार पर जिलों में फॉलोअप एक्शन लेने की दिशा में कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा की जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में 'अंगना म शिक्षा कार्यक्रम' के माध्यम से माताओं को जोड़ा गया है। राज्य में इस वर्ष ग्रीष्मकाल में यह कार्यक्रम आगे बढ़ाते हुए सीखने-सिखाने की जिम्मेदारी समुदायवार लेते हुए इसके स्तर को और ऊपर उठाने का कार्य किया जाएगा। अपै्रल माह के अंत तक समुदाय को इस कार्य के लिए तैयार कर उनका उन्मुखीकरण कर दो माह तक बच्चों को मूलभूत शिक्षा दी जाएगी। मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री जतन योजना के अंतर्गत सभी स्कूलों में मरम्मत का कार्य किया जाएगा, ताकि नये सत्र में बच्चों को स्कूल में पढऩे के लिए आकर्षक वातावरण मिले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप बालवाड़ी खोले जाने और स्थानीय भाषा में पढ़ाई में सहयोग देने के कारण पढ़ाई के स्तर में सुधार हुआ है। स्थानीय भाषा में कार्य करने के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को बहुभाषा शिक्षा पर ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया गया है। छत्तीसगढ़ पहला राज्य है, जहां बच्चों को स्थानीय भाषा में शिक्षा देने के लिए भाषाई सर्वे के आधार पर सुधारात्मक कार्य करने की दिशा में पहल की गई है। बस्तर के 200 स्कूलों में इस परियोजना के अंतर्गत आगे का काम शुरू हो गया है।

पहला सर्वे असर छत्तीसगढ़ - 2021 अक्टूबर-नवंबर में आयोजित किया गया जब महामारी के कारण कई महीने बंद रहने के बाद स्कूल फिर से खुले ही थे। इस रिपोर्ट में स्कूल बंद होने के कारण हुए लर्निंग लॉस पर महत्वपूर्ण अनुमान दिये। असर छत्तीसगढ़ - 2022 लगभग एक साल की 'कैंच-अप' गतिविधियों के बाद बच्चों की स्कूली शिक्षा और बुनियादी क्षमता की स्थिति को समझने के लिए नवंबर 2022 में लौटा। इसके साक्ष्य यह समझने में मदद कर सकते हैं कि लर्निंग रिकवरी अब तक कितनी सफल रही है और आगे बढऩे के लिए किस तरह की मदद की आवश्यकता होगी।

असर की रिपोर्ट के आधार पर कोरोना के बाद बच्चों के सीखने के स्तर में हुए सुधार के मामले में छत्तीसगढ़ में विभिन्न सूचकांकों में अन्य राज्यों की तुलना में अच्छी प्रगति की है। छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूल बच्चों के नामांकन के मामले में देश में सातवें स्थान पर हैं। सरकारी स्कूलों में नामांकन का औसत राष्ट्रीय स्तर पर 72.9 प्रतिशत है, वहीं छत्तीसगढ़ का प्रतिशत 81.6 है। छत्तीसगढ़ के निजी स्कूल बच्चों के नामांकन की हिस्सेदारी के मामले में देश में पांचवें स्थान पर है। निजी स्कूल में नामांकन का औसत राष्ट्रीय स्तर 25.1 प्रतिशत है, वहीं छत्तीसगढ़ का प्रतिशत 16.4 है। इसका मतलब यह है कि राज्य में बड़ी संख्या में बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते है। छत्तीसगढ़ में पालकों द्वारा अपने बच्चों को पैसे देकर निजी ट्यूशन में भेजने की प्रवृत्ति बहुत कम है और राज्य निजी ट्यूशन के मामले में दूसरे स्थान पर है। छत्तीसगढ़ में निजी ट्यूशन में जाने वाले बच्चों का प्रतिशत 5.2 है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतिशत 30.5 है।

असर - 2022 की रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में कक्षा तीसरी में बच्चों के पठन कौशल के सिखने में क्षति के मामले में 14वें स्थान पर है। कक्षा 3 के पठन कौशल में कोरोना लॉकडाउन की वजह से 4.3 प्रतिशत की क्षति हुई, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिशत 4.6 है। छत्तीसगढ़ में कक्षा तीसरी के बच्चों के गणितीय कौशल में सीखने के क्षति के मामले में 12वें स्थान पर है। राज्य में कोरोना लॉकडाउन की वजह से कक्षा 3 के गणित कौशल को सीखने में कोई अंतर नही दिखाई दिया, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह क्षति 0.7 प्रतिशत है।

छत्तीसगढ़ में कक्षा पांचवीं में बच्चों के पठन कौशल में सीखने की क्षति के मामले में 10वें स्थान पर है। कोरोना लॉकडाउन की वजह से सीखने में 4.4 प्रतिशत की क्षति हुई, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह क्षति 5.7 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ में कक्षा पांचवीं में बच्चों के गणितीय कौशल में सीखने में क्षति के मामले में 13वें स्थान पर है। लॉकडाउन के वजह से सीखने में 3.3 प्रतिशत की क्षति हुई, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह क्षति 4.4 प्रतिशत है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पिटबुल के हमले में दो नाबालिग भाई लहूलुहान

**ग्रेटर नोएडा(आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा के कासना थाना इलाके के लिया ना गांव में पिटबुल ने हमला कर दो भाइयों को घायल कर दिया। पिटबुल के मालिक पिता-पुत्र पर पुलिस में केस दर्ज हुआ है। इससे पहले भी खतरनाक नस्ल के कुत्तों के हमले के कई मामले सामने आ चुके हैं, इनमें कई लोग घायल हो चुके हैं। कासना थाना इलाके के नियाना गांव में दिल्ली पुलिस के दरोगा नागेंद्र भाटी के दो नाबालिग बेटों को पिटबुल ने काट कर लहूलुहान कर दिया। पिटबुल ने पहले छोटे भाई राज भाटी पर हमला किया और उसे बचाने का प्रयास करने आए बड़े भाई नारायण भाटी को भी काट लिया। आरोप है कि फिरेराम और उसके बेटे अमित ने पालतू कुत्ते को गली में खुला छोड़ रखा था। नागेंद्र ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ कासना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों के मुताबिक पिटबुल ने राज के हाथ की कोहनी से थोड़ा ऊपर के हिस्से को जबड़े में दबा लिया था। शोर मचाने पर भी पिटबुल ने उसे नहीं छोड़ा। इसी बीच नारायण पिटबुल से भिड़ गया आसपास के लोग भी उसे छुड़ाने का प्रयास करने लगे, पिटबुल ने करीब 3 मिनट बाद राज का हाथ छोड़ा। कुत्ते ने राज के हाथ और पैर और नारायण के दोनों पैरों को जख्मी कर दिया है।

### 1000 करोड़ के स्टूडियो पर चला बुल्डोजर, रामसेतु, आदिपुरुष जैसी फिल्मों की हुई है यहां शूटिंग

**मुंबई(आरएनएस)।** यहां मड आइलैंड में बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने 1000 करोड़ के स्टूडियो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए समुद्र किनारे पर बने इस स्टूडियो पर बुलडोजर चला दिया। इस मामले की शिकायत बीजेपी के नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने की थी। इस स्टूडियो में रामसेतु, आदिपुरुष जैसी कई बड़ी फिल्मों की शूटिंग भी हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, महाराष्ट्र के पर्यावरण मंत्रालय और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका (क्चरूष्ट) को अवैध स्टूडियो के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया था। इस आदेश के बाद ही बीएमसी ने यह कार्रवाई की है। एनजीटी ने अपने आदेश में कहा था कि अस्थाई स्टूडियो बनाने की अनुमति दी गई थी। इस अनुमति का दुरुपयोग करते हुए स्थायी स्टूडियो बनाया गया। इसलिए यह स्टूडियो अवैध है।

### पाकिस्तान में पांच हिन्दू लड़कियों का अपहरण, हमलावरों ने जमकर मचाई लूटपाट

**लाहौर।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटनाक्रम में एक साथ पांच हिन्दू लड़कियों के अपहरण की खबर सामने आई है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कट्टरपंथियों की भीड़ ने हिन्दुओं के गांव पर हमला कर पांच लड़कियों का अपहरण कर लिया है। हमलावरों ने कई घरों में लूटपाट की और कई लोगों से मारपीट की। इस दौरान पांच लड़कियों को किडनैप कर लिया गया। सभी लड़कियां हिन्दू हैं और हमलावर इन्हें कहां ले गए हैं यह पता नहीं चला है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों का सिलसिला कई सालों से चलता आ रहा है। पाकिस्तान से तकरीबन 5000 हिंदू परिवार भागकर भारत आते हैं। हालांकि ये संख्या पिछले कुछ बरसों में काफी बढ़ गई हैं। आमतौर पर ये शरणार्थी राजस्थान, दिल्ली और मध्य प्रदेश में शरण लेते हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पायलट अवतार, फाइटर जेट सुखोई-30 से भरी उड़ान



**नई दिल्ली(आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई फाइटर जेट में उड़ान भरी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने जानकारी दी कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को तेजपुर वायु सेना स्टेशन से सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। इससे पहले 2009 में पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी।आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छह से आठ अप्रैल तक असम के दौरे पर रहेंगे। अधिकारी ने कहा, आठ अप्रैल को राष्ट्रपति ने तेजपुर वायु सेना स्टेशन में सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान से उड़ान भरेंगे।

इससे पहले राष्ट्रपति ने 7 अप्रैल को काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में गज उत्सव-2023 का उद्घाटन किया। इसके बाद गुवाहाटी में माउंट कंचनजंगा अभियान-2023 को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रवक्ता ने कहा कि उसी दिन वह गुवाहाटी में गुवाहाटी उच्च न्यायालय के 75 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह में भी शामिल होंगी।

## लिट्टे को फिर से खड़ा कर रहे रैकेट का भंडाफोड़

- एनआईए ने चेन्नई में एक को पकड़ा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहे भारत-श्रीलंका के अवैध ड्रग्स और हथियारों की तस्करी करने वाले रैकेट पर छापेमारी की है। चेन्नई में संदिग्धों के कई स्थानों पर छापा मारकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एनआईए ने छापे के दौरान भारी मात्रा में नकदी, सोने के बिस्कुट, डिजिटल डिवाइस, ड्रग्स और दस्तावेज के साथ-साथ अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की।




एजेंसी ने जुलाई 2022 में रैकेट की जांच शुरू की। अब तक एनआईए ने मामले में 14 गिरफ्तारियां की हैं।

इससे पहले पिछले साल दिसंबर में पूरे तमिलनाडु में 21 जगहों पर छापेमारी कर 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

मामले की जांच से पता चला है कि श्रीलंका में ड्रग्स और हथियारों तस्करी से होने वाली आय हवाला एजेंटों के माध्यम से भारत में प्राप्त हुई थी, इसमें चेन्नई का शाहिद अली भी शामिल था। यह भी पाया गया कि हवाला का लेन-देन मन्नदी, चेन्नई में स्थित होटलों और व्यवसायों के माध्यम से किया गया था।

गुरुवार की जब्ती में शाहिद अली की दुकान से 68 लाख रुपये भारतीय मुद्रा और 1,000 सिंगापुरी डॉलर, सोने के नौ बिस्कुट (कुल 300 ग्राम) शामिल हैं। एनआईए ने चेन्नई के होटल ऑरेंज पैलेस से भारतीय मुद्रा में 12 लाख रुपये भी बरामद किए।

गुरुवार की तलाशी के बाद गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान अय्यप्पन नंदू के रूप में हुई है। वह एक श्रीलंकाई शरणार्थी और मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले मुहम्मद अस्मीन की ओर से नशीली दवाओं के व्यापार का प्रबंधन करता है। उसने ड्रग्स और हथियारों के व्यापार के माध्यम से लिट्टे को पुनर्जीवित करने के लिए अन्य अभियुक्तों के साथ साजिश रची।

## 101 बिल्डरों के खिलाफ 1705 आरसी, 503 करोड़ रु. की वसूली के लिए मुनादी

**ग्रेटर नोएडा(आरएनएस)।** गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने रेरा के बकाये की वसूली के लिए बकाएदार बिल्डरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया हैं। उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) के आदेशों का पालन नहीं करने पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के 101 बिल्डर कंपनियों के खिलाफ 1705 आरसी रेरा ने जिला प्रशासन के पास भेज रखी हैं। इनसे 503 करोड़ रुपये की वसूली की जानी है। जिला प्रशासन वर्ष 2021 में 32 बिल्डरों की 315 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त कर चुका है। जिला प्रशासन की 40 टीमों ने बिल्डर कंपनियों के दफ्तरों से लेकर घरों तक जाकर मुनादी करना शुरू कर दिया। उनके घर और दफ्तर के बाहर आरसी के नोटिस चस्पा किए जा रहे हैं। जो मुनादी के बाद भी रिस्पांस नहीं करेंगे, जिला प्रशासन उनकी संपत्ति सील करेगा, जब्त करने की कार्रवाई करेगा और जेल भी भेजेगा। इनमें तमाम



बिल्डर कंपनियों के मालिकों के दफ्तर दिल्ली, फरीदाबाद, गुडग़ांव, गाजियाबाद या अन्य जिलों में है। वहां जाकर भी टीमें कार्रवाई करेंगी।

गौतमबुद्ध नगर के डीएम ने बताया कि 101 बिल्डर कंपनियों में तहसील दादरी के अंतर्गत 73 बिल्डर कंपनियां आती हैं। इनमें कई बड़े बिल्डर ग्रुपों की कंपनियां हैं। वेव मेगा सिटी सेंटर प्राइवेट लिमिटेड से 80.55 करोड़ की आरसी वसूली जानी है। लॉजिक्स इंफ्रास्ट्रक्च र प्रा. लि. से 34.57 करोड़, सुपरटेक टाउनशिप प्रोजेक्ट लि.से 33.56 करोड़, महागुन इंडिया प्रा. लि. से 19.97 करोड़, पाश्र्वनाथ डेवलपर्स लि. से 13.39 करोड़, इसके अलावा भी कई बड़े ग्रुपों की कंपनियां इनमें शामिल हैं, जिनसे वसूली होगी। एसडीएम सदर को अपनी टीम के साथ 28 बिल्डर कंपनियों से आरसी का पैसा वसूलना है। इनमें ग्रीनवे आरिस इंफ्रा से 17.63 करोड़ की वसूली का जानी है। इम्पीरिया स्ट्रक्च र लि. से 9.41 करोड़ की वसूली की जानी है। पाश्र्वनाथ डेवलपर्स लि. से 4.99 करोड़, न्यू टैंक प्रमोटर्स से 3.79 करोड़ व बाकी सब इससे कम की राशि वसूली जानी है।

जिला प्रशासन ने इस तरह आरसी वसूलने के लिए पहले भी बिल्डरों पर कार्रवाई की है। वर्ष 2021 में 32 बिल्डरों की 315 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त कर चुका है. अब जिला प्रशासन ने बड़े स्तर पर वसूली के लिए अभियान चलाने का फैसला लिया है। आज से ही कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन का लक्ष्य है कि अगले एक दो महीने में इन 503 करोड़ में से ज्यादा से ज्यादा रकम बिल्डरों से वसूला जा सके।

## जब नशे में धुत यात्री खोलने लगा उड़ते प्लेन का इमरजेंसी गेट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उड़ानों के दौरान नशे में धुत यात्रियों द्वारा गलत व्यवहार करने के खबरें लगातार सामने आती रहती हैं। ऐसी ही एक घटना शुक्रवार को हुई, जब नशे में धुत एक पैसेंजर ने इंडिगो की दिल्ली-बेंगलुरु फ्लाइट के हवा में रहते ही इमरजेंसी दरवाजे के फ्लैप को खोलने की कोशिश की। उसकी इस हरकत को देखते ही क्रू मेंबर ने इसकी सूचना विमान के कैप्टन को दी। कैप्टन ने मौके पर ही उस शख्स को चेतावनी दी। इसके बाद जब विमान बेंगलुरु एयरपोर्ट पर लैंड कर गया तो उस शख्स को सीआईएसएफ के हवाले कर दिया गया।

इंडिगो की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'दिल्ली-बेंगलुरु इंडिगो उड़ान के इमरजेंसी दरवाजे के फ्लैप को कथित तौर पर खोलने की कोशिश करने के लिए नशे में धुत एक 40 वर्षीय यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।' विज्ञप्ति के मुताबिक ये घटना शुक्रवार सुबह करीब सात बजकर 56 मिनट पर आईजीआई हवाईअड्डे से उड़ी उड़ान संख्या 6ई 308 में हुई। इस पूरी घटना का विवरण देते हुए इंडिगो ने कहा कि 'दिल्ली से बेंगलुरु जाने वाली उड़ान 6ई 308 में यात्रा कर रहे एक यात्री ने नशे की हालत में इमरजेंसी निकास के फ्लैप को खोलने की कोशिश की।' इंडिगो एयरलाइंस ने अपने बयान में कहा कि 'इस हरकत को नोटिस करने के बाद बोर्ड पर मौजूद चालक दल ने कप्तान को सतर्क किया और यात्री को तत्काल उचित रूप से सावधान किया गया।

## पीएम मोदी ने वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी, बोले-परिवारवादी ताकतें सिस्टम पर पकड़ छोड़ना नहीं चाहतीं

**हैदराबाद (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हैदराबाद में सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। 9 अप्रैल से ट्रेन की नियमित सेवाएं होंगी। इसकी सेवाएं सप्ताह में छह दिन होंगी और बुकिंग 8 अप्रैल से शुरू हो गई है। ट्रेन संख्या 20702 तिरुपति-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस तिरुपति रेलवे स्टेशन से 15.15 बजे यात्रा शुरू करेगी और 23.45 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 20701 सिकंदराबाद से 0600 बजे शुरू होगी और 1430 बजे तिरुपति पहुंचेगी। ट्रेन नलगोंडा, गुंटूर, ओंगोल और नेल्लोर स्टेशनों पर रुकेगी।यह दो स्टेशनों के बीच



सबसे तेज ट्रेन सेवा होगी और इसमें सात साधारण एसी कोच और एक एग्जीक्यूटिव एसी कोच होगा। प्रत्येक ट्रेन की बैठने की क्षमता 530 है। वंदे भारत एक्सप्रेस में एक एग्जीक्यूटिव एसी कोच भी होगा।

अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा, हमने देशभर में डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था बढ़ाई है लेकिन ऐसा पहले क्यों नहीं हुआ? इस लिए नहीं हुआ क्योंकि परिवारवादी ताकतें व्यवस्था परज् सिस्टम पर अपना कंट्रोल छोडऩा नहीं चाहती थीं। किस लाभार्थी को क्या लाभ मिले, कितना मिले ये नियंत्रण ये परिवारवादी अपने पास ही रखना चाहते थे। पीएम ने कहा, इनके तीन मतलब सच थे। पहला इनके ही परिवार की जय-जयकार हो, दूसरा करप्शन का पैसा इनके पास आता रहे और तीसरा जो पैसे गरीब के लिए भेजे जाते थे वह पैसे इनके भ्रष्ट ईको सिस्टम के अंदर बांटने में काम आ जाए। ये तिलमिलाए हुए हैं, बौखलाहट में कुछ भी किए जा रहे हैं।

## रामनवमी हिंसा के सात आरोपियों ने नालंदा पुलिस के सामने किया आत्मसमर्पण

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के नालंदा जिले में रामनवमी के दौरान सांप्रदायिक हिंसा के आरोपी सात लोगों ने अपनी संपत्ति की कुर्की के डर से शनिवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

जिला प्रशासन ने जैसे ही सुबह नौ आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की, उनमें से बजरंग दल के जिला संयोजक कुंदन कुमार सहित सात ने नालंदा पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

आत्मसमर्पण करने वाले अन्य आरोपियों की पहचान कृष्ण कुमार, मोहम्मद शेरू, मोहम्मद चांद, मोहम्मद राशिद, मनीष वर्मा और सोनू वर्मा के रूप में हुई है। जिला प्रशासन ने सरेंडर करने वाले



आरोपियों की संपत्ति कुर्की की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है।

हालांकि, दो आरोपी पप्पू और मुन्ना अभी भी फरार हैं और इसलिए जिला प्रशासन उनकी संपत्ति कुर्क कर रहा है।

बिहारशरीफ नालंदा जिले के एसपी अशोक मिश्रा ने कहा, हमने रामनवमी के दौरान सांप्रदायिक हिंसा में नालंदा जिला अदालत में अलग-अलग आवेदन दायर किए हैं। अदालत ने जिला प्रशासन को निर्देश जारी किए हैं। तदनुसार, हमने आरोपियों के घरों पर नोटिस चिपकाए थे।

मिश्रा ने कहा, 1 अप्रैल के बाद कोई सांप्रदायिक हिंसा नहीं हुई है। हमने दोपहर 3 बजे तक बाजार खोलने की भी अनुमति दी है। जिला पुलिस ने अब तक 130 दंगाइयों को गिरफ्तार किया है और जिले के लहेरी और सोहसराय पुलिस थानों में 15 एफआईआर दर्ज की गई हैं।

कुंदन कुमार ने दावा किया कि वह रामनवमी के दिन बिहारशरीफ में मौजूद नहीं थे।

इस बीच, रामनवमी पर सांप्रदायिक हिंसा की चपेट में आए बिहारशरीफ और सासाराम में स्थिति में सुधार हो रहा है। नौवें दिन की हिंसा के बाद जिला प्रशासन ने रोहतास जिले और बिहारशरीफ में इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी हैं।